# १५. चित्रालेख

नसरीन, विशाल, विराज, हेमा और अन्य विद्‌यार्थी गाँव के एक मेले में गए थे । मेले में विभिन्न प्रकार के खिलौने थे । विद्‌यार्थियों ने खिलौनों का अच्छा आनंद लिया । मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें थीं । कुछ खिलौनों की, कुछ खाद्‌यपदार्थों की तथा कुछ कपड़ों की थीं । बच्चों की भीड़ मुख्य रूप से खिलौनों तथा खाद्‌यपदार्थों की दुकानों पर ही थी ।

परमजीत मेले में नहीं गया था । उसने विशाल से पूछा, ''कौन-कौन-सी दुकानें थीं ? कितनी दुकाने थीं ?'' विशाल ने उसे एक तालिका दिखाई ।

| दुकानों के प्रकार | दुकानों की संख्या |
|---|---|
| खाद्‌यपदार्थ | ५ |
| खिलौनें | ३ |
| कपड़े | २ |
| अन्य | ५ |

नसरीन ने चित्रों के उपयोग द्‌वारा उस तालिका को और आकर्षक बना दिया ।

| दुकान का प्रकार | दुकानों की संख्या |
|---|---|
| खाद्‌यपदार्थ |  |
| खिलौनें |  |
| कपड़े |  |
| अन्य |  |


विशाल : परंतु इन चित्रों का अर्थ क्या है ?

नसरीन : एक चित्र का अर्थ है एक दुकान । खिलौनों की तीन दुकानें हैं । इसलिए तीन चित्र खींचे गए हैं ।

हेमा : परंतु मानो कि दुकानों, वृक्षों की संख्या बहुत अधिक हो तो उतने ही चित्र खींचने पड़ेंगे ?

शिक्षिका : नहीं । प्रत्येक बार उतने चित्र खींचना संभव नहीं है परंतु हमारे आम के बाग में आमों को पेटियों में भरते समय प्रत्येक पेटी में २४ आम भरते हैं और गिनते समय पेटियों को गिनकर आमों की संख्या ज्ञात करते हैं । चित्रों के संबंध में भी आओ हम यही करें ।

विराज : मेरे निवास के सामने वाले उद्‌यान में गुलाब के ४०, गुड़हल के २०, बारहमासी के ३० पौधे हैं । मैं चित्रों के रूप में उनकी तालिका तैयार करता हूँ ।




पैमाना : १० पौधों के लिए १ चित्र

शिक्षा–महोत्सव के अवसर पर किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए मँगाई गई कुर्सियों की जानकारी को नसरीन ने चित्ररूपी तालिका के रूप में दिखाया परंतु उसने चित्रों को खड़ी कतार में न खींचकर आड़ी कतार में खींचा । आओ, हम इस तालिका की जानकारी प्राप्त करें ।

शिक्षा–महोत्सव के कार्यक्रम के लिए लाई गई कुर्सियों की तालिका ।

| कुर्सी का प्रकार | कुर्सियाँ |
|---|---|
| लोहे की |  |
| प्लास्टिक की |  |
| लकड़ी की |  |

पैमाना :  का अर्थ है १० कुर्सियाँ

दूसरी कतार में  ऐसे ८ चित्र खींचे गए हैं । अत: प्लास्टिक की कुल ८ × १० = ८० कुर्सियाँ मँगाई गई हैं ।

 ऐसे कुल १५ (५ + ८ + २) चित्र खीचे गए हैं । अत: कुल १५ × १० = १५० कुर्सियाँ मँगाई गई हैं ।

## स्वाध्याय

नीचे तालिकाओं में दी गई जानकारियों को समझकर, उनके नीचे वाले प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

१. किसी गाँव के लोगों द्‌वारा बाढ़ग्रस्तों के लिए सहायता दी गई । उसकी चित्ररूपी तालिका ।

| सहायता का प्रकार | सहायता करने वाले परिवार |
| --- | --- |
| औषधियाँ |  |
| खाद्‌यपदार्थ |  |
| कपड़े |  |
| अन्य वस्तुएँ |  |

पैमाना :  का अर्थ है २० परिवार

- कुल कितने परिवारों ने सहायता के रूप में दवाइयाँ बाँटी ?
- किस प्रकार की सहायता करने वाले परिवार सबसे अधिक हैं ?
- किस प्रकार की सहायता करनेवाले परिवार सबसे कम हैं ?

२. किसी गाँव के १६० घरों में भोजन बनाने के लिए उपयोग में लाए गए ईंधनों की जानकारी की तालिका ।

| ईंधन | ईंधन का उपयोग करने वाले घर |
| --- | --- |
| गैस |  |
| मिट्‌टी का तेल |  |
| लकड़ी |  |
| गोबरगैस |  |

पैमाना :  का अर्थ है १० घर

- कौन-से प्रकार के ईंधन का उपयोग करने वाले घर सबसे अधिक हैं ?
- गोबरगैस का उपयोग कितने घरों में किया जाता है ?
- गैस का उपयोग कितने घर करते हैं ?


३. किसी गाँव के किसान अपने खेत में कौन–सी फसल बोते हैं, इसकी जानकारी देने वाली तालिका ।

| फसल | किसान |
|---|---|
| ज्वार |  |
| दलहन |  |
| सब्जी |  |
| अन्य |  |

पैमाना :  का अर्थ है १० किसान

- ज्वार की खेती करने वाले किसानों की संख्या कितनी है ?
- कौन–सी फसल बोने वाले किसान सबसे कम हैं ?
- सब्जी की खेती करने वाले किसानों की संख्या, दलहन की खेती करने वाले किसानों की संख्या से कितनी अधिक है ?

४. गणवेश पहनने की छूटवाले दिन, वर्ग के बच्चे कौन–कौन–से रंगवाले कपड़े पहनकर आए थे, इसकी जानकारी देने वाली तालिका ।




पैमाना :  का अर्थ है ५ बच्चे

- वर्ग में कुल कितने बच्चे हैं ?
- पीले रंग के कपड़े पहनने वाले कितने बच्चे हैं ?
- कौन से–रंग के कपड़े पहनने वाले बच्चे सबसे अधिक हैं ? वे कितने हैं ?